## अध्याय - 3 | अप्पू के साथ ढाई साल - सत्यजित राय

## QUIZ-01

1. 'अपू के साथ ढाई साल' शीर्षक पाठ के रचनाकार कौन हैं?
   A. मुंशी प्रेमचंद
   B. शेखर जोशी
   C. मन्नू भंडारी
   D. सत्यजित राय (D)

*व्याख्या :* 'अपू के साथ ढाई साल' पाठ सत्यजित राय द्वारा लिखित एक संस्मरण है।

2. 'अपू के साथ ढाई साल' पाठ में चर्चिल का ज़िक्र आया है, चर्चिल क्या थे?
   A. भारत का वायसराय
   B. अमेरिका का राष्ट्रपति
   C. ब्रिटेन का प्रधानमंत्री
   D. इनमें कोई नहीं (C)

*व्याख्या :* चर्चिल ब्रिटेन के प्रधानमंत्री थे जिनका ज़िक्र सत्यजित राय ने किया है।

3. 'पथेर पांचाली' फिल्म में एक कुत्ते का जिक्र आया है जिसका नाम था –
   A. टॉम
   B. गिल्लू
   C. भूलो
   D. इनमें कोई नहीं (C)

*व्याख्या :* 'पथेर पांचाली' फिल्म में 'भूलो' नामक कुत्ते का उल्लेख हुआ है।

4. 'पथेर पांचाली' की शूटिंग के लिए लेखक अपू और दुर्गा को लेकर किस गाँव गए?
   A. बोडाल
   B. पालसिट
   C. कसाव
   D. तिलछट (A)

*व्याख्या :* सत्यजित राय अपू और दुर्गा को लेकर बोडाल गाँव में शूटिंग के लिए गए थे।

5. 'अपू के साथ ढाई साल' मूलतः किस भाषा में लिखा गया था?
   A. बांग्ला
   B. कन्नड़
   C. उड़िया
   D. मैथिली (A)

*व्याख्या :* यह संस्मरण मूल रूप से बांग्ला भाषा में लिखा गया था।

6. 'पथेर पांचाली' फिल्म की शूटिंग कितने साल तक चली?
   A. दो साल
   B. तीन साल
   C. ढाई साल
   D. डेढ़ साल (C)

*व्याख्या :* इस फिल्म की शूटिंग लगभग ढाई साल तक चली।

7. 'पथेर पांचाली' बांग्ला फिल्म किस वर्ष प्रदर्शित हुई?
   A. 1950
   B. 1955
   C. 1960
   D. 1965 (B)

*व्याख्या :* 'पथेर पांचाली' फिल्म 1955 में प्रदर्शित हुई थी।

8. 'अपू के साथ ढाई साल' संस्मरण किस फिल्म की शूटिंग से संबंधित है?
   A. पथेर पांचाली
   B. अपराजिता
   C. महानगर
   D. जलसाघर (A)

*व्याख्या :* यह संस्मरण 'पथेर पांचाली' फिल्म के निर्माण से जुड़ा है।

9. 'पथेर पांचाली' में इंदिरा ठाकरुन की भूमिका किसने निभाई थी?
   A. रासबाला देवी
   B. चुन्नीबाला देवी
   C. शूरबाला देवी
   D. सरिताबाला देवी (B)

*व्याख्या :* यह भूमिका चुन्नीबाला देवी ने निभाई थी।

10. 'पथेर पांचाली' फिल्म में अपू की भूमिका किसने निभाई थी?
   A. रोमेश बनर्जी
   B. मानुष बनर्जी
   C. व्योमेश बनर्जी
   D. सुबीर बनर्जी (D)

*व्याख्या :* फिल्म में अपू की भूमिका सुबीर बनर्जी ने निभाई थी।


मिशन ज्ञान पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें! 100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES